## खबर संक्षेप



### प्रयास प्रवेश परीक्षा में 3,345 विद्यार्थी हुए शामिल

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल दिन रविवार को किया गया। जिसमें जिले के सभी विकासखण्डों के कुल 03 हजार 345 परीक्षार्थी चयन परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसके लिए कुल 03 हजार 958 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 613 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिले में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

### सामान्य सभा की तिथि बदली अब 23 को होगी आयोजित

**कांकेर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 22 अप्रैल को जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी की अध्यक्षता में अपरान्ह 2 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में नियत की गई थी। उक्त तिथि को आयोजित बैठक को अपरिहार्य कारणों से बदलते हुए अब 23 अप्रैल बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत शेष पेज 10 पर

समस्या : अंतागढ़ मुख्यालय पहुँचकर प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

# रावघाट लौह अयस्क से प्रभावित गांव के ग्रामीणों में बीएसपी की कार्यशैली से बढ़ रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

रावघाट लौह अयस्क से प्रभावित गाँव के सैकड़ों ग्रामीण बीएसपी की कार्यशैली से आक्रोश में आकर

- रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा में लापरवाही करने पर बढ़ रही नाराजगी
- सीएसआर मद से कराए गए कार्यों में हुई अनियमितता और भ्रष्टाचार की जाँच कराने माँग किया

विकासखंड मुख्यालय अंतागढ़ पहुँचे और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने और सीएसआर मद से किए गए कार्य में हुई अनियमितता और भ्रष्टाचार की जाँच की माँग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि बीएसपी 15 से 20 साल से हमारे साथ वादा खिलाफी का काम कर रही है। गाँव में आपस में भड़काने और लड़ाने का काम कर रही है। प्रदर्शन के उपरांत प्रशासन को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। रावघाट लौह अयस्क से प्रभावित गाँव के सैकड़ों



ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर विकासखंड मुख्यालय 21 अप्रैल को विकासखंड मुख्यालय अंतागढ़ में पहुँचे और एक जगह एकत्र होकर समस्याओं पर चर्चा किया। पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुँचे। एसडीएम कार्यालय में उपस्थिति अधिकारियों को समस्याओं एवं जाँच की माँग का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि भिलाई स्टील प्लांट द्वारा रावघाट माइंस के सुनवाई के दौरान यह वादा किया था कि इस क्षेत्र के लोगों को प्रारंभ होने के पहले स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। सुविधाओं के नाम पर क्षेत्र के लोगों का केवल शोषण किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में एक विद्यालय अंतागढ़ में खोल दिया है, परंतु प्रभावित क्षेत्र के लोगों को जो लाभ मिलना चाहिए, वो नहीं मिल पा रहा है। रोजगार का आश्वासन दिया गया था, परंतु अभी तक रोजगार के नाम पर पूरी तरह से ठगा जा रहा है। बैहासालेभाट के आश्रित ग्राम अंजरैल के 06 पारा के लोगों को आंशिक लाभ मिल रहा है, इसके अलावा अन्य कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है।

### रोजगार भी नहीं कराया गया मुहैया

ग्रामीण बंशी दुग्गा , प्यारे उसेंडी, सोमनाथ उसेंडी, संजय कुलदीप,दीनू दुग्गा, निरंजन पटेल, हेम ध्रुव, जसवन दुग्गा एवं अन्य का कहना है कि रावघाट लौह अयस्क खदान के अयस्क खनन पर हुई विभिन्न सुदूर आदिवासी बहुल्य नक्सल प्रभावित ग्राम जनसुनवाई में माइंस प्रबंधन द्वारा मूलभूत सुविधाओं यानी शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और विकास की गंगा बहाने की बात कही थी। प्राकृतिक संसाधन जिन पर हम स्थानियों का देव धामी तथा जीवनयापन की सम्पूर्ण निर्भरता है। उस पहाड़ को अपने अधीनस्थ लेकर ना तो मूलभूत सुविधाओं के प्रति ईमानदारी से प्रबंधन कार्य कर रहा है और ना ही हम लोगों के जीवन स्तर का ख्याल रखा जा रहा है और ना ही रेलवे प्रभावित कई लोगों को अब तक रोजगार मुहैय्या कराया गया है।

### सीएसआर मद से हुए कार्यो की किया जाए जांच

रावघाट लौह अयस्क से प्रभावित गाँव के सैकड़ो ग्रामीणों ने माँग किया है कि आज तक भिलाई स्टील प्लांट के द्वारा जो भी सीएसआर मद में कार्य किया गया है, उसकी जानकारी उपलब्ध करवाएं और इस मद के तहत किए गए कार्यों की अनियमितता की जाँच किया जाए। बीएसपी ने सीएसआर मद की राशि वन विभाग को दे दिया, परंतु उनके द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। जाँच करने पर भ्रष्टाचार उजागर हो जाएगा।

# विकासखंड कांकेर का सरपंच संघ चुनाव, बेवर्ती के विष्णु बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

विकासखंड कांकेर के सरपंच संघ के अध्यक्ष का चुनाव को लेकर सुबह

- सर्वसम्मति से चयन नहीं होने के चलते कराया गया मतदान

से सरगर्मी बनी हुई थी और अंततः इस पद के लिए सर्वसम्मति से चयन नहीं होने के चलते चुनाव करवाया गया। चुनाव के उपरांत गणना करवाई गई, अंततः बेवर्ती के सरपंच विष्णु नेताम ने जीत हासिल किया। जानकारी के अनुसार विकासखंड कांकेर में 64 सरपंच हैं। 21 अप्रैल को सरपंच संघ का चुनाव होना था। भीरावाही के गोंडवाना भवन में सुबह 11 बजे से क्षेत्र के सरपंच एकत्र होने लगे थे और सर्व सम्मति से चयन नहीं हो पाने के चलते चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। चुनाव करवाने का निर्णय लेने पर चुनाव अधिकारी तय किया गया। चुनाव करवाया गया। सरपंच संघ का चुनाव लड़ने के लिए बेवरर्ती सरपंच विष्णु नेताम, डुमाली सरपंच हदय शोरी और तालाकुर्रा सरपंच विनोद रावटे ने नामांकन दाखिल किया। चुनाव के दौरान विकासखंड के 64 सरपंच में से 56 सरपंच उपस्थित रहे, वहीं 8 सरपंच अनुपस्थित रहे। 56 सरपंच मतदान में शामिल हुए और मतदान के उपरांत मतगणना हुई। बेवरर्ती सरपंच विष्णु नेताम को 23 मत, डुमाली सरपंच हदय शोरी 19 मत और तालाकुर्रा सरपंच विनोद रावटे को 14 मत मिले। बेवरर्ती सरपंच की 04 मतों से जीत हुई और अंततः विकासखंड कांकेर के सरपंच संघ का अध्यक्ष की घोषणा हुई।

इसके उपरांत सरपंच कलीराम उइके और प्रमिला शोरी को उपाध्यक्ष, कुमार मरकाम को कोषाध्यक्ष, सूर्या नेताम को सचिव, कुलेश्वरी नेताम को सहसचिव, विनोद रावटे और संदीप मंडावी को मीडिया प्रभारी, हदयराम शोरी को प्रवक्ता घोषित किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने पीएम आवास का किया लोकार्पण

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के द्वारा ग्राम पंचायत चाबेला में 21 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के 25 अप्रैल तक सेवा पखवाड़ा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत गांव चलो बस्ती चलो अभियान आयोजित किया गया है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग एवं दलित वर्ग के प्रबुद्धजनों से संपर्क किया गया। आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी चाबेला ग्राम पहुंचकर बाबा सतनाम शाह जैतखाम पहुंचकर पूजा अर्चना किया।



जिला पंचायत अध्यक्ष ने नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास भवन का पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश व लोकार्पण किया। साथ ही सभी सतनामी समाज की महिला पुरुष युवा साथी के साथ बैठकर चाय नाश्ता भी किया। केंद्र की भाजपा नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाएं एवं छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया गया। ग्रामीणों ने चबेला ग्राम पंचायत में बिजली की परेशानी व पानी की समस्या जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद सदस्य, जिला पंचायत शेष पेज 10 पर

## ट्रक और ट्रेलर के बीच हुई टक्कर, ट्रक चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** कुलगांव के पास ट्रक क्रमांक सीजी 18 एच 2199 का चालक अपने ट्रक को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रेलर को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे ट्रेलर के सामने भाग क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रेलर चालक ने थाना में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे पंजाब के जिला अमृतसर तहसील सिलका अंतर्गत ग्राम पिंड सिंधवान निवासी 28 वर्षीय दीपक सिंह पिता बलकार सिंह ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में गुरूदेव सिंह



ढिल्लो कुर्सीपार भिलाई के पास ड्रायवरी का काम करते हैं। 19 अप्रैल की रात को ट्रेलर क्रमांक एनएल 01 एएच 5671 को लेकर सिंमगा से सामान लोड कर चेन्नई जाने के लिए निकाला था। अगले दिन 20 अप्रैल को शाम करीबन साढ़े 7 बजे ग्राम कुलगांव के पास पहुंचा था कि सामने से आ रही लौह अयस्क से भरी ट्रक क्रमांक सीजी 18 एच 2199 का चालक अपने ट्रक को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मेरे ट्रेलर को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे ट्रेलर के शेष पेज 10 पर

# मवेशी तस्करों को पुलिस ने दबोचा बाइक और पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

गोण्डाहुर पुलिस ने मवेशी की तस्करी करने वाले चार तस्कार को

- मवेशियों का कर रहे थे परिवहन



मवेशियों का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। आरोपी तस्कर मवेशियों को चार पहिया वाहन में भरकर महाराष्ट्र ले जा रहें थे। परिवहन करते समय दो व्यक्ति बाइक में सवार होकर पिकअप वाहन के आगे आगे चल रहें थे, जिससे मवेशियों के परिवहन में किसी प्रकार का बाधा न हो और पुलिस से भी बचा जा सके। आरोपियों के कब्जे से मवेशियो के साथ एक पिकअप वाहन व एक मोटर सायकल को जप्त किया गया।

पुलिस को 20 अप्रैल को जानकारी मिली कि पित्तेभोड़या क्षेत्र की ओर से मवेशी तस्कर सफेद रंग के पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4717 में मवेशी को क्रुरतापूर्वक भरकर हांकेर जंगल होते महाराष्ट्र के कत्लखाना ले जा रहे है और एक मोटर सायकल पल्सर बिना नम्बर लाल काला रंग से पिकअप वाहन के आगे आगे पायलेटिंग कर रही है। पुलिस ने जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस हांकेर जंगल की ओर नाकाबंदी के लिए रवाना हुआ। पीव्ही 133 डेम पगडंडी रास्ता की तरफ से एक पिकअप वाहन के आगे-आगे पायलेटिंग करते मोटर सायकल पल्सर आ रही थी। दोनों वाहन को घेराबंदी कर रोककर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4717 का तलाशी लिया। पिकअप वाहन के अंदर 5 नग मवेशी बछड़ा व बैल जिसकी कुल कीमत लगभग 20 हजार रुपए को क्रुरता पूर्वक मवेशियों के गले, पैर को रस्सी में बांधकर ठूंस- ठूंसकर भरा हुआ मिला। पिकअप वाहन में बैठे व्यक्ति को कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम पीव्ही 36 निवासी 47 वर्षीय दिलीप राय पिता स्व. सुरेन राय ने बताया कि वाहन में भरे मवेशी को कत्लखाना महाराष्ट्र ले जा रहे हैं। वाहन चालक पीव्ही 36 निवासी शेष पेज 10 पर

### सिंगारभाट में सहायक आरक्षक से दो युवकों ने की मारपीट



**कांकेर।** सिंगारभाट के अचानक बस्ती में अपनी पहचान वाले के घर गए सहायक आरक्षक के साथ उसी मुहल्ले के दो युवकों ने सहायक आरक्षक के साथ मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे अंतागढ़ थानांतर्गत ग्राम पोरण्डी निवासी 45 वर्षीय बालसिंग ध्रुव पिता सते सिंग ध्रुव ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में बरदेभाटा कांकेर में निवासरत हैं।सहायक आरक्षक के पद पर थाना सिकसोड़ में पदस्थ हूं। 20 अप्रैल को शाम करीबन साढ़े 6 बजे सिंगारभाट के अचानक बस्ती निवासी बिरेन्द्र जाड़े के घर मिलने के लिए गया था। वहाँ पर उपस्थित दो युवक राम कुमार नेताम तथा उसका अन्य एक साथी मुझे देखकर कहने लगे कि तुम कहाँ के रहने वाले हो और यहां क्यों आए हो। ऐसा कहते हुए आरोपी दोनों युवक विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगे। सहायक आरक्षक ने दोनों आरोपी युवकों को गाली देने के लिए मना किया। परंतु दोनों आरोपी शेष पेज 10 पर





कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____


पुराना बस स्टैंड के पास किया चक्काजाम

# बंगाल की घटना को लेकर बजरंग दल ने बंगाल की सीएम का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने पुराना बस स्टैंड के पास चक्काजाम कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी का पुतला दहन करते हुए हिन्दुओं पर अत्याचार करना बंद करो, बंद करो, ममता तेरी तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारा लगाते हुए आक्रोश जताया।

पश्चिम बंगाल में 11 अप्रैल को हिंसात्मक प्रवृति के लोग मुर्शिदाबाद में हिंदू लोगों को चुन चुनकर मौत के घाट उतारकर कई घरों को बेघर कर दिए। लोग मदद की गुहार लगाकर थक गए लेकिन ममता की सरकार वहां चुप्पी कर मौन होकर बैठ गई। बजरंग दल ने पश्चिम बंगाल पर हुए जघन्य अपराध खूनी खेल, लूटपाट, तोड़ फोड़ इस कायराना हरकत को देख सरकार से मांग करती है कि बंगाल पर राष्ट्रपति शासन लागू हो और ममता की सरकार को खत्म किया जाए। ममता बैनर्जी हिंदू होकर भी इस्लामिक कबूल की है जो आज उनको संरक्षण प्राप्त हो रहा है। 11 अप्रैल की घटना सुनियोजित तरीके से किया गया है जिसे वक्फ बोर्ड विरोध की आड़ में इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाया गया है। बजरंग दल जिला संयोजक ने कहा कि हिंसात्मक घटना क्रम का एआईए शेष पेज 10 पर



### विहिप व बजरंग दल की प्रमुख मांगें

बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू हो, हिंसा की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से करवाई जाए, राज्य की कानून व्यवस्था को केंद्रीय सुरक्षा बलों को सौंपी जाए, बांग्ला देशी और रोहिंग्यो घुसपैठियों को चिन्हांकित कर देश से बाहर निकाला जाए और भारत बांग्लादेश सीमा पर तारबंदी की जाए।

### आयोजित प्रदर्शन में ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन में शुभम नाग, अखिलेश चन्दौल, चंद्रेश सोनाने, भावेश आरदे, राजा साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, विपिन सोनकर, मुन्ना तिवारी, अखिलेश मिश्रा, धर्मेंद्र सुरोजिया, महेश ठाकुर, पूरन महाराज, चिरंजीव चौहान, नीलकंठ साहू, यशवंत जैन, विवेक राय, गौरव शोरी, कोरर से पीयूष कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायतों में जन चौपाल कल से

जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार और सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए 23 अप्रैल से 2 मई तक ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उक्त जन चौपाल के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित जिला, जनपद स्तरीय तथा ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सम्बन्धितों को नियत तिथि पर सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त परिप्रेक्ष्य में जारी आदेश के अनुसार जिले के जनपद पंचायत दरभा के समस्त ग्राम पंचायतों में 23 अप्रैल, बकावंड के सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, बास्तानार के ग्राम पंचायतों में 26 अप्रैल, जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में 28 अप्रैल, जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायतों में 30 अप्रैल, तोकापाल के ग्राम पंचायतों में 1 मई तथा लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में 2 मई को जनचैपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सम्बन्धित अधिकारी और अन्य मैदानी अमला ग्रामीणों के साथ चौपाल आयोजित कर ग्राम पंचायत की मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यकताओं पर परिचर्चा करने के साथ ही निर्धारित प्रपत्र में जानकारी जिला पंचायत बस्तर में प्रस्तुत करेंगे।

### आवापल्ली में आर्ट आफ लिविंग प्रशिक्षण



बीजापुर। आर्ट ऑफ़ लिविंग बंगलुरु संस्था के शिक्षकों के द्वारा युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 12 से 19 अप्रैल तक आठ दिनों का आवासीय प्रशिक्षण ब्लाक मुख्यालय के आवापल्ली में दिया गया। इस दौरान आवापल्ली के अलावा बासागुड़ा,रायगुडा, पुतकेल,धरमापुर, मुंजालकांकेर, इलमिड़ी, उसूर, बीजापुर, चेरपाल, पापानपाल, मुर्दोडा, चेरामंगी के बेरोजगार युवक युवतियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया गया। प्रशिक्षण में जीवन जीने की कला और नेतृत्व क्षमता के अलावा शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक के साथ, आपसी बोलचाल, बॉडी लेंग्वेज के अलावा मन की शांति और एकाग्रता के लिए मैडिटेशन कराया गया जिसका क्षेत्र के युवाओं को बहुत लाभ हुआ युवाओं को इसके अलावा प्रतिदिन योगाभ्यास के पश्चात सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया सुदर्शन क्रिया सांसों की एक प्रक्रिया है जिसके करने मात्र से हमारा मन शांत और आनंदित हो जाता है।

विश्वविद्यालय में अग्नि सुरक्षा को लेकर कार्यशाला

# लापरवाही न करें और फायर बिग्रेड को सही जानकारी दें : मार्बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अग्नि सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में सोमवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार मार्बल ने अग्नि आपदा के विभिन्न पक्षों की जानकादी दी। साथ विद्यार्थियों को मॉकड्रिल के सहारे विभिन्न प्रकार के आग से बचने, उसपर नियंत्रण के तरीके और अग्निशमक यंत्रों के उपयोग की सावधानियां भी बताए।

अग्नि सुरक्षा, अग्निशमन यंत्रों की उपयोगिता और आग नियंत्रण विषय पर अपनी रखते हुए श्री मार्बल ने कहा कि हमारी छोटी सी लापरवाही से आग लगती है। कुछ पैसे बचाने के लिए हम निम्न स्तर के इलेक्ट्रिक बायडिंग करवा लेते हैं जिससे शार्ट सर्किट की आशंका बनी रहती है। फ्रीज और गैस सिलेंडर को सही जगह नहीं रख पाते हैं। आग को नियंत्रित करने संबंधी अज्ञानता के कारण आग भयावह हो जाता है।

मार्बल ने कहा कि हम सब फायर ब्रिगेड को सही जानकारी भी नहीं दे पाते हैं इसके कारण आग पर नियंत्रण पाने में परेशानी होती है। फायर बिग्रेड को आग के सही प्रकार की जानकारी देनी चाहिए। आपदा प्रबंधन विभाग आग की प्रकृति के अनुसार उसपर नियंत्रण करता है।

मार्बल ने विभिन्न प्रकार के आग के प्रकार, उसके लगने के कारण, बुझाने उपाय व तरीके की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता से आप आपदा से बच सकते हैं। आपदा प्रबंधन की जानकारी हर क्षेत्र में काम आता है। विद्यार्थी अग्नि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में डिग्री लेकर बेहतर कैरियर बना सकते हैं। आयोजन के संयोजक डॉ. विनोद सोनी ने कहा कि जनमानस के बीच अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह सप्ताह मनाया जाता है।

### आग नियंत्रित करने डेमो का प्रदर्शन

तकनीकी जानकारी के बाद मार्बल और एसडीआरएफ के हेड कॉन्स्टेबल सुशील साहू की टीम ने गैस सिलेंडर के लीक करने से लगे आग और अन्य स्थानों पर लगे आग को नियंत्रित करने का डेमो दिखाया गया। छात्र-छात्राओं को अग्निशमक यंत्रों का प्रयोग करने को भी सिखाया गया। कार्यशाला में डॉ सुकृता तिर्की, डॉ सजीवन कुमार, डॉ मनोज कुमार, डॉ सोहन कुमार मिश्रा, डॉ दुर्गेश डिक्सेना सहित अन्य उपस्थित थे। बीएड छात्र अशोक नेताम ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### रावतपुरा सरकार से मिले महापौर...



जगदलपुर। महाराज रावतपुरा सरकार से महापौर संजय पांडे एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने अपने राजधानी प्रवास के दौरान सौजन्य भेंट की।

## जवान की शहादत पर सांसद की शोक संवेदना

जगदलपुर। बीजापुर जिले के तोयनार से फरसेगढ़ सड़क निर्माण ड्यूटी में लगे सीएएफ 19वीं बटालियन के जवान मनोज पुजारी का नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट के दौरान शहीद होने पर सांसद महेश कश्यप ने संवेदना व्यक्त करते हुए दुःखद बताया है।

उन्होंने पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान तथा शोक संतप्त स्वजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना ईश्वर से की है।

# केरपे जंगल में मुठभेड़ वर्दीधारी नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 315 बोर राइफल, टिफिन बम व अन्य सामान बरामद
- बीजापुर जिले के बेदरे थाना क्षेत्र में शाम को सर्चिंग पर निकली फोर्स के साथ हुआ मुठभेड़



फाइल फोटो

बीजापुर जिले के बेदरे थाना क्षेत्र स्थित केरपे-तोड़समपारा के जगंल में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक नक्सली को मार गिराया। मुठभेड़स्थल की सर्चिंग में मारे गए नक्सली के शव के अलावा 315 बोर राइफल, टिफिन बम व अन्य सामान बरामद किया गया है।

आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बेदरे थाना से थाने की फोर्स व छसबल 7/ई कंपनी नुगुर कैंप की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान एवं एरिया डॉमिनेशन पर केरपे की ओर निकली थी।

अभियान के दौरान शाम 5.30 बजे के करीब केरपे एवं तोड़समपारा के मध्य पूर्व से घात लगाये बैठे माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। जवाब में सुरक्षा बलों के द्वारा सुरक्षित आड़ लेकर जवाबी कार्यवाही गई। मुठभेड़ समाप्त होने पर सर्च अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से 1 माओवादी के शव के अलावा 315 बोर राइफल, टीफिन बम, पोच, पटाखे आदि बरामद किया गया है। मुठभेड़ स्थल पर खून के धब्बे एवं घसीटने के निशान मिले है जिससे और भी माओवादियों के मारे जाने एवं घायल होने की प्रबल संभावना है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली के शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत गढ़िया में विकास कार्यों के अनेक प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा

- भविष्य की योजनाओं के लिए बनी रूपरेखा



ग्राम पंचायत गढ़िया में कोटगुड़ीन माई गुड़ी के वट वृक्ष के नीचे सरपंच भरत कश्यप की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा बैठक के अध्यक्ष बोंजाराम मौर्य ने गांव के देवी कोटगुड़ीन माता का जयकारा लगाकर ग्राम सभा का आरंभ किया। जहां पंचायत द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं भविष्य में किए जाने वाले योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई।

ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, वृद्ध और विधवा पेंशन, सड़क,नाली, पेयजल नलजल योजना, जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी दी गई। गांव के स्कूलों में शिक्षा के क्षेत्र में भी सुधार लाने पर विस्तृत चर्चा एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत रोजगार एवं युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार दिलाने व आत्मनिर्भर बनाने की समीक्षा की गई। साथ ही योजना के अंतर्गत क्रियाशील एवं प्रस्तावित कायोंर् की सूची का वाचन किया गया। इसके अतिरिक्त पंचायत द्वारा जरूरतमंदों को वितरित खाद्यान्न एवं लाभार्थियों की सूची ग्रामसभा में प्रस्तुत की गई। बीमारियों की रोकथाम हेतु उपलब्ध चिकित्सकीय संसाधनों का अवलोकन कर जनजागरूकता अभियान चलाने का प्रस्ताव पारित किया गया हैं। इस दौरान सरपंच भरत कश्यप, उपसरपंच संतू कश्यप, ग्राम सभा अध्यक्ष बोंजाराम मौर्य, पंच पीलूराम बघेल, निरंजन बघेल, रामसिंह कश्यप, लखन कश्यप, तुलसी मण्डावी, हेमनाथ कश्यप, मनबोध, जानकी, सामबती, सावित्री सेठ्ठी, हीरामनी, देवकी,बोदे बाई, दासो मण्डावी, लखमी सेठिया, दरबाली बघेल, सतमी नाग, झुरी बाई, जटिया, कमलू कश्यप, सुदरू सेठिया, कुपी, टीया, कुलधर, महेंद्र कश्यप, जगन्नाथ यादव, चेतन ग्वाल, भगत राम, ललित सेठिया, रानू मण्डावी, जगदीश सेठ्ठी, सामनाथ, बोटी मांझी, जनक, गांव पुजारी, कोटवार एवं सैकड़ों समाज प्रमुख उपस्थित थे।

# स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 10 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ



10 दिवसीय भारतीय सिंधु महासभा के तत्वावधान में पतंजलि परिवार द्वारा पूज्य सिंधी पंचायत भवन के छत पर निःशुल्क सोमवार को इंटीग्रेटेड योग शिविर का दिव्य शुभारंभ भगवान झूलेलाल व भारतमाता के समक्ष दीपप्रज्ज्वलन कर किया गया। समस्त समाज के स्वास्थ्य प्रेमी जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, सबने स्वास्थ्य को जीवन में प्रमुख प्राथमिकता देने और स्वस्थ्य जीवन के लिए योग आयुर्वेद प्राकृतिक जीवन जीने का संकल्प लेते हुये औरों को प्रातः 5.45 बजे आने का वादा किया। सभी ने झूमते मस्ती के साथ यौगिक जॉगिंग करते हुए हास्यासन के साथ प्रथम सत्र का समापन किया। शिविर के आयोजक पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने मंच का संचालन करते हुए उपस्थित समाज के सभी का आभार किया। आगे उन्होंने बताया कि यह योग शिविर समाज के सभी लोग भाग लें और बीमारियों से मुक्त रह अपने धन और तन दोनों बचाये। इस योग शिविर में समाज सहित कोई भी भाग ले सकता है। शिविर की विशेषता है की भारतीय सिंधु सभा द्वारा आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर में योग के साथ प्राकृतिक चिकित्सा व पंचकर्म का लाभ मिलेगा। बड़े नगरों में हज़ारों रुपये खर्च होते हैं,उस प्राकृतिक चिकित्सा व पंचकर्म का लाभ शिविर में निःशुल्क मिलेगा।

## ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा हैंडपंप एवं सोलर ड्यूल पंप संधारण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार ग्रीष्मकाल के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिकोण से हैंडपंप और सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मरम्मत योग्य हेण्डपम्पों तथा सोलर ड्यूल पम्पों का सुधार किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत जिले में अब तक 508 हेण्डपम्पों का मरम्मत किया गया है, साथ ही 23 सोलर डयूल पम्पों का सुधार किया गया है। इस बारे में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर श्री एचएस मरकाम ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी के दिनों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप और सोलर ड्यूल पम्पों का रखरखाव सुनिश्चित किए जाने के लिए 15 मार्च से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा क्रेडा के विभागीय अमले द्वारा समन्वय स्थापित कर मरम्मत योग्य हैंडपंप और सोलर ड्यूल पम्पों का सुधार किया जा रहा है। इस कार्य के लिए आवश्यक स्पेयर-पार्ट्स, राइजिंग पाइप सहित अन्य जरूरी सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है। साथ ही उक्त संधारण अभियान का नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किया जा रहा है।

## भाटीगुड़ा के वार्षिक मड़ई में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र के भाटीगुड़ा में माता गंगादई व कारी तेलगीन माता मंदिर में वार्षिक मड़ई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव माता गंगादई व कारी तेलगीन माता मंदिर पहुंच पूजा अर्चना करते सभी के सुख समृद्धि की माता से कामना की। वहीं भाटीगुड़ा ग्रामवासियों ने किरण देव का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि माता गंगादई मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। हम आज भी पारंपरिक तरीके से मेला मनाते है जिसका अपना महत्व है। मेला में आयें सभी क्षेत्र की जनमानस को शुभकामनाएं दी। जनमानस ने विधायक के समक्ष विकास कार्य की मांग रखी जिसपर किरण देव ने जल्द विकास कार्य होने की बात कही। वहीं मेला में जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, सरपंच उमन बधेल, मंडल अध्यक्ष हरि राम मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्य फूलकुमारी व जनमानस उपस्थित थे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर क्यूआर कोड बनाने की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, विश्व पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) के अवसर पर देशभर के विद्यालयों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में समग्र शिक्षा रायपुर और जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल तथा डीएमसी अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में युवा एवं इको क्लब, बड़ेमुरमा, जगदलपुर ने भी क्यूआर कोड निर्माण की तैयारियाँ प्रारंभ कर दी हैं।

विद्यालय परिसर में बच्चों को समूहों में विभाजित कर पेड़ों, पौधों एवं वनस्पतियों की पहचान कराई जा रही है। प्रत्येक समूह संबंधित पौधों की जानकारी जैसे उसका स्थानीय और वैज्ञानिक नाम, औषधीय उपयोग, पारंपरिक महत्व, और पर्यावरणीय भूमिका को एकत्र कर रहा है। इन जानकारियों के आधार पर डिजिटल क्यूआर कोड तैयार किए जाएंगे, जिन्हें इन पौधों के पास लगाया जाएगा। इससे अन्य विद्यार्थी और आगंतुक भी आसानी से पौधों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

विद्यालय के शिक्षकों और ईको क्लब के मार्गदर्शन में यह गतिविधि न केवल छात्रों को प्रकृति से जोड़ रही है, बल्कि उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण और डिजिटल तकनीक का व्यवहारिक अनुभव भी दे रही है। यह गतिविधि 22 से 30 अप्रैल तक चलाई जाएगी, और इसकी जानकारी ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के वेब पोर्टल पर दर्ज कराई जाएगी।

### भारतीय संस्कृति मूल्यों जैव विविधता की रक्षा करेगी

विद्यालय इको क्लब प्रमुख मनीष कुमार अहीर ने बताया कि यह पहल बच्चों को केवल पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक ही नहीं बनाएगी, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों जैसे जल संरक्षण, वृक्ष पूजा और जैव विविधता की रक्षा को भी आत्मसात करने में सहायक होगी। इस अवसर पर विद्यालय बड़ेमुरमा के सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल एक पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम है, बल्कि छात्रों को सतत विकास के सिद्धांतों की व्यवहारिक शिक्षा देने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है।

## पेज 09 के शेष...

### जिला पंचायत अध्यक्ष...

सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराकर आवेदन दिया।
कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौर, जनपद सदस्य संबलपुर गिरिजा देवी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, ग्राम पंचायत चाबेला सरपंच जगदीश नागेश, नरोत्तम सिंह चौहान, ज्वाला प्रसाद जैन, लक्ष्मण कुलदीप, सरपंच भैसाकान्हार पूर्व लेंपस अध्यक्ष रमल कोर्राम, जुगल किशोर शर्मा, निरंजन बंजारे, गुलाब देहारी उपस्थित रहे।

### ट्रक और ट्रेलर...

सामने का भाग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। एक्सीडेंट से मेरे बांए पैर और दाहिने हाथ में चोंटे आई हैं। आरोपी ट्रक चालक ने ट्रेलर के ड्राइवर हिस्से की तरफ ठोकर मारा, मैंने टेलर को सड़क के नीचे उतारा, उससे ज्यादा संभव नहीं था। टेलर को सड़क से नीचे नहीं उतारता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रेलर के चालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 18 एच 2199 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

### मवेशी तस्करों को...

19 वर्षीय राहुल राय पिता दिलीप राय व मोटर सायकल चालक पीव्ही 28 चांदीपुर निवासी 40 वर्षीय संजीत दास पिता सुकुमार दास एवं मोटर सायकल के पीछे बैठ पीव्ही 36 निवासी 25 वर्षीय मुकेश राय पिता बलराम राय ने बताया कि उक्त पिकअप वाहन को सुरक्षित बूचड़खाना महाराष्ट्र ले जाने के लिए पायलेटिंग करना बताए। पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4717 से 5 नग लाल सफेद मवेशी कीमती लगभग 20 हजार रूपएं, पिकअप वाहन और एक मोटर सायकल जब्त किया गया है। आरोपी दिलीप राय, राहुल राय, संजीत दास, मुकेश राय के खिलाफ धारा 10, 4, 6 छग कृषि पशु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सिंगारभाट में सहायक...

युवक गाली देते हुए कहने लगे कि आज तुझे जान से मार डालेंगे। आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ, मुक्का व थप्पड़ से मारपीट करने लगे। आरोपी राम कुमार नेताम के द्वारा ईट से हमला करने पर मेरे चेहरे, सिर, मुंह, बांए आंख, गाल, नाक व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आई व खून निकलने लगा। जैसे तैसे उनसे बचकर कांकेर थाना पहुँचा और पुलिस को जानकारी दिया। पुलिस ने ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया और शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राम कुमार नेताम व अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### बंगाल की घटना...

जांच हो और जो भी इसका अपराधी हो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। प्रांत सह संयोजक ने कहा कि देश कई टुकड़ों में बंट गया, उसमें से एक बांग्लादेश भी है क्या वहां भी हिन्दुविहीन करना चाहती हैं।

### सामान्य सभा की...

के सभा कक्ष में आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने सर्वसंबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने कहा है।

## खबर संक्षेप

### लामड़ागुड़ा में शाला संग्रहालय का किया गया उद्घाटन



**बस्तर।** प्राथमिक शाला लामड़ागुड़ा संकुल चित्रकोट विकासखण्ड लोहंडीगुड़ा में पहला शाला संग्रहालय निर्माण किया गया है। शाला संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती विरासत को सुरक्षित करना। समुदाय के पारंपरिक ज्ञान को बचाने के लिए प्राचीन भाषाओं और संस्कृति को जानना बच्चों की खोजी प्रवृत्ति का विकास करना पारंपरिक संस्कृति के ज्ञान को स्कूली ज्ञान से जोड़ना है। बीआरसी पिलाराम सिन्हा शाला संग्रहालय की सराहना की किया गया। शिक्षक साथी एवं लैंग्वेज एन्ड लर्निंग फाउंडेशन के साथी को विशेष धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्राचार्य संतुराम कश्यप, जितेंद्र सिंह ठाकुर, संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, महेंद्र मंडावी, श्रद्धादीप,कृपा सिंधु पाण्डे शिक्षिका प्रधान अध्यापक झुनकी कश्यप,मधु कटकवार,मेहतर कश्यप ,यमुना एवं लैंग्वेज एन्ड लर्निंग फाउंडेशन से गंगा प्रसाद कश्यप, टिकेश्वर सोनवंशी, मनीष नेताम उपस्थित रहे।

### बिना सहमति स्थल बदलने से ग्रामीण आक्रोशित



**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत मैसगांव के ग्राम सौरापाल विकासखंड बत्तर के ग्रामीणों ने सिंचाई एवं आवाजाही हेतु एनीकट निर्माण कार्य की मांग पर वर्ष 2019-2020 में नारंगी नदी पर योजना अंतर्गत ग्राम सौरापाल में प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। कलेक्टोरेट पहुंचकर अपर कलेक्टर सीपी बघेल को ज्ञापन सौपा। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने पर निर्माण कार्य प्रारंभ करने निर्माण कार्य से संबंधित सामग्रियां स्थल पर डाली गई, लेकिन बिना ग्राम पंचायत अथवा पंचायत प्रतिनिधियों को सुचना दिये अथवा ग्राम पंचायत की सहमति लिए बिना यह कार्य प्रारंभ होने से पूर्व बंद कर दिया गया और अन्य जगह भूमि पूजन कर एनीकट निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। विभाग द्वारा यह निर्माण कार्य पुलिस फोर्स की उपस्थिति में जबरन करवाया जा रहा है इस प्रकार विभाग के रवैया से ग्रामीणजन आक्रोशित हैं और क्षेत्र में विरोध की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रशासन द्वारा नवीन प्रस्तावित स्थल पर एनीकट निर्माण का कार्य प्रारंभ रहता है तो कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है जिसके जवाबदेही संबंधित विभाग एवं प्रशासन की होगी।

## कोंटा में संचालित डीएव्ही स्कूल राम भरोसे, मिले गुटखा तम्बाकू के पाउच

# स्कूल परिसर के शौचालयों में बिखरी गंदगी, छात्र-छात्राएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

नक्सल प्रभावित क्षेत्र कहे जाने वाले कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में संचालित एक मात्र सेंटर सीबीएसई कोर्स के डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल का बुरा हाल है। समय-समय पर उच्च शिक्षा अधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों के देखरेख के आभाव के चलते इस एक मात्र स्कूल संस्था में मनमानी और मर्जी के मालिक के रूप में सेवा दे रहे कर्मचारियों की शिकायतें अभिभावकों एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मिलती रहती है।

स्कूल के गाइडलाइंस का पालन नाम मात्र तथा छात्रों को किताबे होने के बाद भी समय पर नहीं देना, शिक्षक पृथ्वी द्वारा पुठ्ठा नहीं चढ़ाने से किताबे वापस जमा कर देने जैसे धमकियां दी जा रही है।

ज्ञात हो कि नक्सल प्रभावित ब्लॉक में शांति व क्षेत्र की सुरक्षा में लगे अनेक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों तथा वनांचल क्षेत्र के नक्सल पीड़ित परिवारों व ब्लॉक मुख्यालय के विभिन्न विभागीय कर्मचारियों राजनीतिक दलों के नेताओं आम नागरिकों व्यापरियों के बच्चे इसी स्कूल में अध्यापन कराये जाते है। यह एक मात्र सेंटर



सीबीएसई कोर्स स्कूल होने के कारण नगर के 75 फीसदी नगर पंचायत के छात्र-छात्राएं इस इस में अध्ययनरत है। साथ ही नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र के सैकड़ों बच्चें भी यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कई गरीब तबके के अभिभावक अपने बच्चों के फीस देने के योग्य नहीं होने के कारण भी इस स्कूल संस्था को पहली प्राथमिकता देते है। पूर्व में मॉडल स्कूल नाम से संचालित इस स्कूल को डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के नाम वर्ष 2016 से संचालित किया जा रहा है । बीते एक दशक में अनेक बार इस स्कूल को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शिकायत जैसा कि शासन द्वारा दौहरा व्यवहार फंड समय पर जारी नहीं करना तथा शिक्षकों का वेतन समय पर नहीं देना इत्यादि सुनने को मिलती रही थी। किंतु व्यवस्थाओं को अच्छे से व्यवस्थित करने के बाद भी इस स्कूल के प्रिसिंपल कृष्णचंद्र मिश्रा से साफ-सफाई तथा अन्य विषयों को लेकर जानकारी लेने की कोशिश



किया जाए तो गोलमोल जवाब देकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की जाती है।

### आवश्यकता तीन दर्जन शिक्षकों की

ब्लॉक मुख्यालय कोंटा में संचालित डीएव्ही स्कूल में 799 छात्र-छात्राएं कक्षा एलकेजी से बारहवीं तक अध्ययनरत है। किंतु यहां आवश्यकता 35-36 शिक्षकों की है और यहां सत्रह शिक्षक-शिक्षिकाएं अध्यापन व्यवस्था संभाल रहे हैं। प्रिसिंपल कृष्णचंद्र मिश्रा से स्कूल परिसर के अंदर गुटखा तम्बाकू के सेवन तथा शौचालयों में गंदगी आपके द्वारा ध्यान नहीं देने के सवाल पर यह सब चलता है क्या करें इस प्रकार का जवाब दिया जाता है। जबकि स्कूल में दो गार्ड सहित तीन अन्य सफाई कर्मचारियों को भी रखा गया है।

## चित्रकला और विज्ञान के रोचक प्रयोग से हो रहे बच्चे लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

बस्तर विकासखण्ड के प्राथमिक शाला बड़ेपारा संकुल फरसागुड़ा विकासखण्ड बस्तर के शिक्षक उमाशंकर साहू के द्वारा बच्चों के परीक्षा समाप्ति के बाद 9 अप्रैल से लगातार समर क्लास का आयोजन किया जा रहा है।

इस समर क्लास में बच्चें व्यावसायिक शिक्षा के साथ साथ विज्ञान के पीछे छुपे कारणों से भी परिचित हो रहे है। व्यावसायिक शिक्षा के तहत बच्चों को आकर्षक चित्रकला सीखने को मिल रहा है। जिसका उपयोग कर वह अपने भविष्य को नई दिशा दे सकता है। साथ ही साथ बच्चें इस बार समर क्लास में विज्ञान के बहुत छोटे छोटे प्रयोग के साथ उसके कारणों से भी परिचित हो रहे है। अक्सर यह देखा जाता है विज्ञान के प्रयोग तो सभी कर लेते है पर उसके पीछे छुपे कारणों को जानने की कोशिश नही होती। किन्तु शिक्षक के द्वारा इसे मजेदार बनाने के लिए बहुत ही सरल भाषा में जैसे घनत्व को समझाने के लिए हल्का भारी शब्द का प्रयोग वायुदाब के लिए धकेलना, पृष्ठ तनाव के लिए ऊपरी झिल्ली जैसे शब्दों का प्रायोग कर विज्ञान को सहज और सरल बना रहे है। इन सभी गतिविधियों को यूट्यूब चैनल मोर व्लाग्स के माध्यम से भी देखा जा सकता है। इस हेतु समय समय पर संकुल प्राचार्य विकास पाठक एवं संकुल समन्वयक संजीव शर्मा जी मार्गदर्शन मिलता रहता है।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

शिक्षण प्रक्रिया को आकर्षक और रुचिपूर्ण बनाने चित्रकला का समावेश साथ ही बच्चों को विज्ञान से जोड़कर विज्ञान के प्रति जागरूक और जिज्ञासु बनाना है।

# बार-बार बाधित हो रही विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

ग्रीष्मकाल के प्रारंभ होने के पूर्व ही विद्युत विभाग द्वारा नियमित आपूर्ति के किए गए दावे खोखले सिद्ध हो रहे है। विगत सप्ताह भर से विद्युत आपूर्ति की स्थिति बार-बार बाधित होने से स्थिति बद से बद्तर होती जा रही है। जितना लोग विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की शिकायत कर सुधार की मांग कर रहे है। उतनी ही ज्यादा विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पहले से भी खराब होती जा रही है।

समय-समय पर रख-रखाव के नाम पर दिन भर आपूर्ति बंद रखकर कार्य कराए जाने का दावा किया जाता रहा है, लेकिन उपयोग के अवसर पर विद्युत आपूर्ति हमेशा की तरह बाधित हो जाती है। व्यवसायिक गतिविधियां भी बाधित हो रही है, जिसके कारण व्यवसायी वर्ग में भी विद्युत व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्याप्त है। नगर में लगे ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक भार होने के कारण प्रायः शाम के बाद लो वोल्टेज की समस्या सामने आती है। समय रहते विद्युत व्यवस्था में सुधार न होने पर आगामी ग्रीष्मकाल में उपभोक्ताओं को पेयजल सुविधा प्राप्त करने एवं साथ ही पर्याप्त वोल्टेज न होने के कारण व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



### पेयजल व्यवस्था भी हो रही प्रभावित

स्थानीय स्तर पर आई खराबी के कारण बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होते रहने से बिजली की इस अनियमित आपूर्ति का सबसे ज्यादा बुरा असर ग्रामीण की पेयजल व्यवस्था पर पड़ रहा है। बार-बार मोटर के बंद होने के कारण जल शोधन संयत्र तक पानी पहुंचना बाधित होता है, साथ ही सीधे बोर से सप्लाई किये जाने वाले क्षेत्रों में भी पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। विगत सप्ताह भर से हर घंटे दो घंटे में विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। जिसका कारण भी विभाग बताने में असमर्थ है आपूर्ति बंद होते ही सब स्टेशन में पूछताछ करने पर आगे से सप्लाई बंद है या फिर लोकल में तार टूटने का कारण बताकर सुधार कार्य कर रहे है कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पीएम आवास प्लस का सर्वे



**सुकमा।** जिले में मोर दुआर-साय सरकार के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में मोर आवास मोर अधिकार के संकल्प को साकार करने हेतु सर्वे अभियान संचालित किया जा रहा है। ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा पीएम आवास प्लस योजनांतर्गत घर घर भ्रमण कर पात्र हितग्राहियों को जागरूक कर सर्वे किया जा रहा है।

जिला पंचायत सुकमा के अध्यक्ष मंगम्मा सोयम के द्वारा जनपद पंचायत कोंटा के ग्राम पंचायत एर्राबोर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण महा अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों का सांकेतिक रूप से आवास प्लस सर्वे किया गया एवं शत प्रतिशत सर्वे पूर्ण किए जाने हेतु सर्वेयर को निर्देशित किया गया।

# दंतेवाड़ा में नये कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया पदभार ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी दुदावत पूर्व में कोंडागांव जिले में कलेक्टर तथा बिलासपुर नगर निगम में आयुक्त के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शजयंत नाहटा, अपर कलेक्टर शराजेश पात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- जिले में चल रहे विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में ली जानकारी

### नवपदस्थ कलेक्टर ने अधिकारियों से किया परिचय

नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज संयुक्त कलेक्टोरेट भवन के डंकनी सभाकक्ष में पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिले के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया एवं जिले की विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से सत्यनिष्ठा, समर्पण, से कर्तव्य निर्वहन पर बल देते हुए कहा कि वे नियत समय पर अपने कार्यालय पर उपस्थित होवें। न केवल अधिकारी बल्कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी भी कार्यालयों पर समय पर आवें। इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के प्राप्त आवेदनों पर किए जा रहे निराकरण के संबंध में कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत दो तरह के आवेदन शिकायत और मांग आवेदन विभागों के समक्ष आ चुके है। इस संबंध में शिकायत संबंधित आवेदनों पर विभाग प्रमुखों से पूरी तत्परता से निराकरण की अपेक्षा है जबकि मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण में विभागीय बजट के अनुसार समाधान को प्राथमिकता देवें। इसके अलावा शासन स्तर के मांगों के लिए आवेदकों को सौम्य भाषा में निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत में आधार से पैसे का लेन-देन प्रारंभ

# बड़े सेट्टी के ग्रामीण जुड़े डिजिटल इंडिया से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

नक्सल सदस्य मुक्त ग्राम पंचायत बनने के बाद शासन की कल्याणकारी योजनाएं तीव्र गति से बड़े सेट्टी पहुंच रही हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में शिविर लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है तथा उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

नक्सलमुक्त पंचायत बनते ही बड़ेसट्टी ग्राम पंचायत में सीएससी की सुविधा शुरू हो गई है। ग्रामीणों के एग्रिस्टेक फार्मर आईडी बनाये जा रहे हैं और साथ ही आधार इनेबल पेमेंट सिस्टम चालू किया गया है। इससे ग्रामीणों को बैंक की सुविधा अपने गांव में ही मिलने लगी है। ग्रामीणों को पैसे जमा करने और निकालने में सहूलियत होगी। आधार से पैसे निकालने पर बुजुर्ग और महिलाओं ने खुशी जाहिर की और इसे सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इसी तरह शिविर लगाकर ग्रामीणों के बैंक खाते खोले गए, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। जिला प्रशासन के द्वारा शासकीय योजनाओं की शत प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आवश्यकतानुसार शिविर भी लगाये जा रहे हैं। ऑनलाइन सेवा पहुँचने में सीएससी सुकमा के जिला प्रबंधक शेख शाहरुख का सराहनीय योगदान रहा।



# लौहनगरी में घटिया सड़क निर्माण से जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

स्थानीय लोगों के द्वारा सड़क निर्माण की मांग करते हुए कई साल बीत गए हैं और बड़ी मुश्किल से मांग पूरी होने के बाद सड़क बनाने की स्वीकृति मिली है। ठेकेदार द्वारा काम कछुआ चाल से कराई जा रहीं है, निर्माण कार्य से राहगीर परेशान तो थे ही, लगातार इसकी शिकायत करने पर अब काम में थोड़ी तेजी तो आई हैं। परंतु आनन-फानन में गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क पर न ही जीएसबी डाली जा रही है,न हीं स्क्रैचिंग किया जा रहा है। पुरानी जर्जर सड़क के ऊपर ही डामर की परत चढ़ाकर लीपा पोती की जा रहीं हैं। किरंदुल से लेकर दंतेवाड़ा तक 40 किलोमीटर सड़क का निर्माण पी डब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत किया जा रहा हैं, सड़क निर्माण कार्य के 15 दिन भी बीत नहीं रहें है कि सड़क उखड़ने लगी है। ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण का कार्य काफी घटिया तरीके से कराया जा रहा है जिसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।





लौहनगरी में घटिया सड़क निर्माण से लोग परेशान तो हैं ही, पिछले 2 वर्षो से हो रहे हादसे,भारी धूल और कीचड़ ने राहगीरों की जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद की है कि जल्द से जल्द सड़कों की निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो ताकि दुर्घटनाओं और धूल से लोगों को निजात मिल सके। सरकार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में करोड़ों रुपए खर्च किया जाता है, मगर ठेकेदारों एवं विभागीय इंजीनियरों के लापरवाही का खामियाजा राहगीरों व स्थनीय लोगों को भुगतना पड़ता है। ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से पैसों का बंदरबाट कर दिया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब ऐसा बिल्कुल नहीं चलेगा। निर्माणाधीन सड़क की उच्च स्तरीय जांच करवाने की बात कह रहें हैं। यदि जांच में निर्माणाधीन सड़क गुणवत्ताहीन पाई गई तो सड़क उखाड़ कर निर्माण कार्य दोबारा करवाएंगे, अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### डामर की परत चढ़ाई जानी है

बचेली से किरंदुल जो की घाट क्षेत्र है, वहां रोड में स्क्रैचिंग करना व जीएसबी डालने की आवश्यकता नहीं है। यहां पुराने सड़क के ऊपर ही एस्टीमेट के अनुसार डामर की परत चढ़ाई जानी है।

-शिवलाल ठाकुर, ईई पीडब्ल्यूडी दंतेवाड़ा

# वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को दिया 8 सत्र में प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला बस्तर में दो दिवसीय कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण 18 से 19 अप्रैल तक सरस्वती शिशु मंदिर कांगोली जगदलपुर में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग में आये समस्त वक्ताओं द्वारा कार्यकर्त्ता को 8 सत्र में प्रशिक्षण दिया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से राजबहादुर राणा, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. विशाल चंद्राकर, प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ठाकुर, प्रदेश महामंत्री नवीन शेष, प्रदेश कोषाअध्यक्ष गजानन दिग्रसकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गिरधारी सागर, गोपाल नाग, मनैश्वर प्रधान, बस्तर जिला अध्यक्ष नील कुमार बघेल, जिला मंत्री सत्येंद्र ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष नंद किशोर पांडेय, जिला युवा प्रमुख घासीराम बघेल, जिला उपाध्यक्ष बोरगुराम, रामचंद्र सर्दुल एवं समस्त जिलों से आये पदाधिकारी, तहसील पदाधिकारी उपस्थित थे।



HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### आत्मांनद स्कूल में प्रवेश के लिए 5 मई तक अंतिम मौका

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में संचालित सेजेस दुर्गुकोंदल एवं कोड़ेखुर्से सहित प्रदेश के समस्त स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2025-26 प्रवेश के लिए 10 अप्रैल से 5 मई तक तिथि निर्धारित की गई हैं। आवेदन अधिक होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट का आवंटन 6 से 10 मई तक किया जाएगा। विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से किसी एक सेजेस विद्यालय के लिए आवेदन कर सकते हैं। लोक शिक्षण संचनालय रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रवेश निर्देशानुसार महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी से अनाथ हुए बच्चों को प्रवेश में विशेष प्राथमिकता दिया जाएगा।

### ईलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बरदेभाटा निवासी 40 वर्षीय रूपेंद्र यादव का ईलाज के दौरान 20 अप्रैल को सुबह 5 बजें जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था, ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सिरसिदा में शिविर आयोजित, जाति- निवास बनाने मिले 20 आवेदन

**कांकेर।** 21 अप्रैल को राजस्व अनुभाग चारामा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन सिरसिदा में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व पखवाड़ा शिविर आयोजित करने के पीछे सरकार की मंशा है कि प्रशासन स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचे उनकी समस्या सुने और उनकी समस्याओं का मौके पर ही त्वरित रुप से निराकरण करे। आयोजित शिविर में ग्राम पटवारी हल्का कसावाही, डोकला, माहुद, गिरहोला, आंवरी, डेढ़कोहका, कुरुटोला, साल्हेटोला, चारभाठा, चांवड़ी, सिरसिदा, दरगहन, जैसाकर्रा, नवागांव सराधू, गोलकुम्हड़ा, बारगरी, मूडखुसरा सहित पटवारी हल्का क्षेत्र के किसान उपस्थित होकर राजस्व संबंधी कार्य के निपटारा के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कुल 20 आवेदन प्रस्तुत किए गए। प्राप्त सभी आवेदनों को राजस्व शिविर में ही पटवारियों ने भरकर किसानों को दे दिया है।

**बैठक :** समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण अफसर सतर्कता व गंभीरता से करें : निलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने

■ लापरवाही पर नुशासनात्मक कार्रवाई के लिए रहें तैयार

सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर जोर देते हुए सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन के निराकरण की कार्रवाई की मॉनिटरिंग राज्य स्तर पर हो रही है, सभी संबंधित अधिकारी आवेदनों का समाधान सतर्कता एवं गंभीरतापूर्वक करें। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 21 अप्रैल की सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत प्रदेश शासन का पूरा फोकस प्रकरणों के निराकरण पर रहेगा।



### सर्वे सूची में पात्र हितग्राही के नाम छूटने न पाए

कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण में आवास प्लस 2.0 (मोर दुआर साय सरकार) की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप कोई भी पात्र हितग्राही के नाम वर्तमान में किए जा रहे सर्वे की सूची से वंचित होने न पाए, इस बात का विशेष तौर पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र हितग्राही उक्त सर्वे सूची से छूट जाता है तो इसके लिए संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि मैन्युअल सर्वे के अलावा हितग्राही अपने मोबाइल से स्व-आंकलन कर आवेदन भर सकता है।

अतः अगर कोई अधिकारी इसमें लापरवाही बरतता है, तो वह अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए चयनित ग्रामों में सतत कैम्प लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनें व समाधान करें। आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल और कोयलीबेड़ा के सीईओ को रोजाना समीक्षा कर कार्य में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए अगली किश्त की राशि हितग्राही के खाते में शीघ्रता से प्रेषित करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी को दिए। कलेक्टर ने सभी लंबित निर्माण कार्यों को अगले मानसून की आमदगी से पहले पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना की उपलब्धि को शत-प्रतिशत कराने पर जोर दिया। इसके अलावा आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के वयोवृद्धजनों को योजना से जोड़ने, उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इसके अलावा विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा कलेक्टर ने अनुभागवार एवं विभागवार की।

### जनपद मुख्यालयों में लगाए जाएंगे शिविर

कलेक्टर ने नवीन नक्सल पुनर्वास नीति 2025 के तहत जिले में निवासरत पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने हेतु ब्लॉक स्तर पर कैम्प आयोजित करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नक्सल पीड़ित परिवारों को शत-प्रतिशत सैचुरेट करने हेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत 23 अप्रैल को कांकेर शहर के न्यू कम्युनिटी हॉल में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 25 अप्रैल को भानुप्रतापपुर के पीएमश्री विद्यालय परिसर में, 28 अप्रैल को तहसील कार्यालय पखांजूर और 30 अप्रैल को अंतागढ़ के लाइवलीहुड कॉलेज में सुबह 11 बजे से कैम्प आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों में संचालित 36 प्रकार की योजनाओं का लाभ प्रदाय किया जाएगा। कलेक्टर ने इस दौरान सभी जिला स्तर के अधिकारियों को उक्त शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

## विवेचना के उपरांत दो मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत जंगलवार कॉलेज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मार्निंग वॉक में गए व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। अधिक चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि 21 जनवरी को सुबह 6 बजे बिसाहु मार्निंग वॉक पर घूमने के लिए मेन रोड जंगलवार कॉलेज की ओर निकला था। पेट्रोल पंप के पास मृतक बिसाहु कौशिक को कोई अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही तथा उपेक्षापूर्ण ढंग से वाहन चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आई चोटो के कारण मौत हो गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरी घटना बांदे थानांतर्गत विवेचना में पाया गया कि छोटेबेठिया थानांतर्गत पीव्ही 93 सिरपुर निवासी 43 वर्षीय सुरेश मंडल पिता गुरूपद मंडल 17 जनवरी को अपने जान पहचान वाले निताई के साथ पखांजुर मेला देखने के लिए गया था। शाम को पैदल ग्राम मरोडा से अपने घर पीव्ही 93 सिरपुर जा रहा था, जिसे किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा वाहन को तेजी एवं लापरवाही उपेक्षापूर्वक चलाकर मरोडा स्कूल के पास मेन रोड में सुरेश मंडल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था। एक्सीडेंट से आई गंभीर चोट, खरोंच के कारण उसकी का फौत होना पाया गया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस मामला दर्ज किया गया।

## अंतागढ़ नारायणपुर मुख्य मार्ग पर भाजपा राजनीति न करे, निर्माण करवाने का करे प्रयास : अनूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

विकासखंड मुख्यालय अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग को लेकर राजनीति गरमाते जा रही है। अब पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि इस मार्ग के निर्माण में भाजपा राजनीति न करके निर्माण करवाने का प्रयास करें। राजनीति से आमजनता को कोई लाभ होने वाला नहीं है।

अंतागढ़ के पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में अंतागढ़ नारायणपुर मुख्य मार्ग के निमार्ण के लिए उनके निवेदन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल में ने रोड चौड़ीकरण की घोषणा ही नहीं बल्कि करीबन 138 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिया था। उसका भूमिपूजन ग्राम संघर्ष समिति एवं ग्रामवासियों के समक्ष मेरे द्वारा किया गया था। कार्य शुरू होने की स्थिति में आगे बढ़ चुका था कि प्रदेश में सरकार बदल जाने के बाद उक्त राशि को वापिस क्यों मंगवा लिया गया। जब मंगवा लिया गया तो पुनः उक्त राशि को जारी करके सड़क को क्यों नहीं बनवाया जा रहा है। विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पखांजुर प्रवास पर अंतागढ़ नारायणपुर मुख्यमार्ग का भूमिपूजन किया गया है तो आखिर यह कार्य शुरू हो जाना चाहिए था, लेकिन अपनी कमजोरी छिपाने के लिए दूसरो को एवं पूर्व कांग्रेस की सरकार को मोहरा बनाना अच्छी बात नहीं है। पंचायतों में विकास कार्य ठप्प पड़े हुए है, पंचायतों में

■ राजनीति से आम जनता को कोई लाभ नहीं : पूर्व विधायक

कोई काम नहीं हो रहे है, वर्तमान सरकार के नुमाइंदे पिछली सरकार द्वारा स्वीकृत कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करने में मस्त है। जनप्रतिनिधि विकास कार्य में राजनीति करने के बजाय क्षेत्र के विकास जनता की दुःख तकलीफ पर ध्यान देना चाहिए। छत्तीसगढ़ में आज भाजपा सरकार बने 15 महीना हो गया है। प्रदेश का दो-दो वार्षिक बजट निकल गया। क्षेत्र के विधायक व सांसद पूरे लाव लश्कर के साथ क्षेत्र का दौरा करके विकास कार्य से अवगत हुए, जरा जनता को बताना चाहेंगे उनको वहां क्या मिला, क्या वहां करोड़ों के विकास कार्य हुआ मिला, यदि नहीं मिला तो क्या वो इस विषय पर बीएसपी द्वारा अंतागढ़ क्षेत्र की लगातार उपेक्षा, जैसे रावघाट का प्रस्तावित क्षेत्रीय कार्यालय एवं अस्पताल का बंद होने के संबंध में क्या क्षेत्रीय विधायक और सांसद ने क्या अपनी ओर से बीएसपी मैनेजमेंट, प्रदेश सरकार, केंद्रित इस्पात मंत्रालय से कोई शिकायत पत्राचार किया है। यदि किया है तो जनता के सामने रखे, गुमराह करना बंद करें।

पूर्व विधायक ने कहा कि पर्यावरण का बहनाबाजी बंद करे, यह भी बात कहा जाता है कि रोड किनारे कि वृक्षों को कटाई कर उनके एवज में करीब चार हजार वृक्ष अंतागढ़ क्षेत्र में वृक्षारोपण न कर कर्वधा जिला में वृक्षा रोपण करने जा रहें है। अंतागढ़ के लोग धूल खाए या बीमार पड़े किसी को चिंता नही है। जनता अंतागढ़ से नारायणपुर रोड चौड़ीकरण देखना चाहती है। हमारे निर्वाचित जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान कब तक देंगे।

### बेरोल नदी में डूबने से ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** सोनपुर थानांतर्गत बेरोल नदी में डूब जाने से मुरडोडा निवासी 58 वर्षीय सराद़ू राम का मौत हो गई। बांदे थानांतर्गत ग्राम मुरडोडा निवासी 32 वर्षीय अर्जन पोटाई ने पुलिस को बताया कि 19 अप्रैल को शाम 4 बजे वृद्ध नदी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। कोयलीबेड़ा थाना में शून्य पर मर्ग कायम किया गया।

## रेत तस्कर चिहरो में रेत खदान से निकाल रहे अवैध रेत, नहीं हो रही है कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर





चिहरो में रेत का खनन और परिवहन का अवैध कारोबार करने वाला गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। चिहरो क्षेत्र में रेत माफियाओं की गतिविधियां इस कदर हावी हो चुकी हैं कि इन्हें रोकना असंभव सा प्रतीत होता जा रहा है, क्योंकि कुछ दिन पहले ही ग्रामवासियों की सक्रियता से चिहरो में रेत का अवैध परिवहन करते हुए तहसीलदार और एसडीओपी द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए हाइवा को जप्त किया गया था, उसके बाद भी रेत माफियाओं ने कानून और नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। चिहरो ईलाके से रात के अँधेरे में फिर से रेत का अवैध खनन चालू कर दिया गया हैं आम जनता त्रस्त है, बिना लीज खदानों से रात्रि में बड़ी संख्या में रेत निकाली जा रही हैं, उसके बाद भी स्थानीय प्रशासन अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। चिहरो नदी से पिछले तीन महीनों से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है और अवैध उत्खनन के लिए ग्रामीणों द्वारा कई बार विरोध प्रदर्शन कर रेत से भरे हाईवा वाहनों को रोका गया है और प्रशासन को इसकी सूचना भी दिया जाता हैं, लेकिन राजस्व व खनिज विभाग कार्यवाही करने से पीछे हट रहे हैं, जिससे खनिज व राजस्व विभाग का संरक्षण साफ नजर आ रहा है। शिकायत करने पर धमकी और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

**ओवरलोड डंपर से बदहाल सड़कों की स्थिति**

रेत माफिया खुलेआम नियमों की अवहेलना करते हुए बिना रॉयल्टी के ओवरलोड डंपर और हाइवा को तेज रफ्तार में दौड़ा रहे हैं। इन भारी वाहनों की वजह से दमकसा से दुर्गुकोंदल की सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। ओवरलोडिंग के कारण सड़कों की हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि यात्रियों और स्थानीय निवासियों का आवागमन मुश्किल हो गया है। सड़कों पर फैली हुई धूल और रेत के कारण आम जनता को रोजाना प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल जनता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यातायात सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गई है।

**राजस्व को करोड़ों का नुकसान**

बिना रॉयल्टी और प्रशासनिक अनुमति के इन ओवरलोड डंपरों के चलने से शासन को करोड़ों के राजस्व की हानि हो रही है। रेत माफिया अपने फायदे के लिए इस काले धंधे को बेधड़क अंजाम दे रहे हैं और इसका सीधा असर सरकारी राजस्व पर पड़ रहा है। यह सवाल उठता है कि क्या शासन-प्रशासन इस राजस्व हानि को गंभीरता से लेगा और माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करेगा।

**कांग्रेसी कार्यकर्ता ने किया था उग्र प्रदर्शन**

कुछ दिनों पूर्व दुर्गुकोंदल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व कार्यकर्ता दुर्गुकोंदल ब्लॉक में चल रहे अवैध रेत खदान के संबंध में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम गंगाधर वाहिले को ज्ञापन सौपे थे और अवैध रेत खदान बंद करने की मांग किये थे। एक सप्ताह में बंद नहीं होने के स्थिति में एसडीएम कार्यालय का घेराव करने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक कोई प्रदर्शन नहीं किया गया हैं। ऐसा लग रहा है कि विरोध करने वाले कांग्रेसी भी रेत माफियाओं से डर गए है।

**जांच करवाता हूं**

मीडिया ने खनिज अधिकारी से इस विषय पर बात किया तो उन्होने कहा कि अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है। आपके द्वारा बताया जा रहा है, उसकी जाँच करवाते है।

## मोर दुवार साय सरकार में विधायक व जनप्रतिनिधि ग्रामीणों के बीच पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान 15 से 25 अप्रैल तक मनाया जा रहा है, जिसमें संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर के सम्पूर्ण जीवन, देश के प्रति उनके अतुल्य योगदान को बताया जा रहा है। इसके लिए भाजपा विभिन्न कार्यक्रम, चर्चा, गोष्ठी का आयोजन कर रही है। भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार के ग्राम पोटगांव व डोमाहर्रा में विधायक आशाराम नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, महामंत्री लोकेश्वर सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक ने पोटगांव व डोमाहर्रा के अजा वर्ग के परिवारजनों से उनके निवास स्थान में जाकर मुलकात किया। जगदीश लहरें, जयलाल लहरें, गौकरण मेश्राम, परमा रंगारी, संतुराम नाग, विश्वनाथ मंडावी, देमलाल बघेल, संकुनतला नाग, कचरा बाई, तेजराम बघेल, पुष्पा बघेल, मिंदो बाई बघेल, बिदेराम बघेल, कौशिल्या मेश्राम के द्वारा समस्या बताया गया। समस्या जानकर कर निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाया गया। वह परिवार जो पात्र होते हुए भी शासन की महत्वकांक्षी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हैं, उन परिवार की मुख्या का आनलाइन सर्वे का कार्य विधायक न फोटो खिंचकर किया। विधायक ने कहा कि मोर दुवार साय सरकार कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास के लिए आनलाइन सर्वे का कार्य चल रहा है, जिसमें पात्र हितग्राही को अपना पंजीयन अनिवार्य रुप से करवाने का निवेदन किया। उन्होंने कहा की केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्राम सभा की बैठकों में भाग लेकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर चन्द्र प्रकाश ठाकुर, जनपद सदस्य मिथलेश मंडावी, नितेश सलाम, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोतीराम नाग, अशोक कचलाम, ग्राम पटेल हिरेन्द्र कुबेर, गीरधारी मंडावी, कुबेर बेलोधिया, हेमंत सिन्हा, हेमंत नायक, ओंकार साहू, रमेश साहू, सानु साहू, सितम्बर कावड़े, तीलक नाग, बनठु कांवड़े, दिलीप सिंह राजपूत व अन्य उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर दुर्गूकोंदल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**दुर्गूकोंदल।** सरस्वती शिशु मंदिर दुर्गुकोंदल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नंदनी दीवान विकासखंड परियोजना प्रबंधक अधिकारी, विशेष अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष सेवालाल चिराम, बैजनाथ नरेटी एकलव्य विद्यालय प्राचार्य, विजय पटेल कंगलू कुम्हार महाविद्यालय, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सुकाल राम जुर्री, स्वास्थ्य विभाग दमकसा एवं अभिभावक बंधु भगिनियों की उपस्थिति रही।



वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा अरुण में प्रथम पूर्वंशी साहू, द्वितीय हुमानी मरकाम व तृतीय लेखिका सोनवंशी, कक्षा उदय में भैया पुलकित ठाकुर प्रथम, आरुष उसेंडी, विकेश नेताम, नेहांश नरेटी, द्वितीय प्रियांशु कोमरा एवं रियांश जैन तृतीय रहे। कक्षा प्रथम में रेणुका नरेटी एवं ओमन मरकाम प्रथम, कृष ध्रुव एवं नोह किशोर द्वितीय व भूमिका उयके तृतीय, कक्षा द्वितीय में भैया आदर्श की प्रथम, ओजस्वी टांडिया द्वितीय व प्रियांशी मानकर तृतीय रही। कक्षा तृतीय में भैया सुशांत शोरी प्रथम, भैया बीरबल साहू द्वितीय व भैया सिद्धार्थ सोनवंशी तृतीय, कक्षा चतुर्थ में दुर्गावती पद्दा प्रथम, भौमी गोटा द्वितीय व लाची वड्डे तृतीय, कक्षा षष्ठ में प्रथम स्थान पर वरुण नुरेटी, द्वितीय स्थान पर तुषार नेताम व तृतीय स्थान पर घनश्याम मौहान रहे। कक्षा सप्तम में भैया कोमल देव तारम प्रथम, खिलेश नायक द्वितीय एवं कुमारी संजना जैन तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी भैया - बहनों को उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अवैध रेत परिवन करने के दौरान ट्रैक्टर ने दो महिला को मारी टक्कर

**पखांजुर।** अवैध रेत परिवहन करते हुए तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीव्ही 15 शिव मंदिर के पास दो महिला को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से एक महिला के कंधे की हड्डी हड्डी टूटी गई और दूसरी महिला का हालत गंभीर बताया जा रहा है। रात के अंधेरे में रेत परिवहन का कार्य जोरो पर रहता है। घायल दोनों महिला पीव्ही 41 की है, जो शादी कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए जा रही थी। घायल महिलाओं को राहगीरो ने पखांजुर अस्पताल पहुंचाया है। अवैध रेत के परिवहन और उत्खनन की शिकायत लगातार स्थानीय प्रशासन को किया जा रहा है, परंतु स्थानीय प्रशासन ने मौन साध लिया है।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411